2 0 2 1

# HINDI (E)

## GROUP—A + B

## [ Special Examination ]

*Full Marks* : 100
*Pass Marks* : 30 = 56

*[ For Candidates offering as an Elective Subject ]*

## GROUP—A

*Full Marks* : 50
*Pass Marks* : 15

*Time* : 2 hours

*[ For Candidates offering in lieu of MIL ]*

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*



https://www.assamboard.com

## GROUP—A (खण्ड—क)

*( पूर्णांक : 50 )*

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दो : 1×4=4

(क) 'भोलाराम का जीव' शीर्षक पाठ के लेखक कौन हैं?

(ख) दधीचि कौन थे?

(ग) मीराँबाई गोपाल से क्या कृपा चाहती थी?

(घ) कबीरदास जी किस भाषा में कविता करते थे?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दो : 2×9=18

(क) 'भोलाराम का जीव' शीर्षक लेख में इंजीनियर और ओवरसीयर के संबंध में क्या टिप्पणी की गई है?

(ख) भोलाराम के पारिवारिक जीवन का परिचय दो।

(ग) नारद की वीणा के संबंध में साहब ने क्या कहा है?

(घ) यमदूत के हाथ से भोलाराम कैसे गायब हुआ था?

(ङ) बुराई खोजने के संबंध में कबीरदास का क्या विचार था?

(च) पाण्डित्य के संबंध में कबीर की राय क्या थी?

(छ) "काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह कूँ, बहा चित्त सूँ दीजै।" यहाँ कवि का आशय क्या है?

(ज) "हाँ, शहादत और मौन-मूक! समाज की आधारशिला यही होती है।" स्पष्ट करो।

(झ) इमारत की पहली ईंट का क्या महत्त्व है?

https://www.assamboard.com

3. (क) निम्नलिखित साखी की व्याख्या करो : 4

जिन ढूँढ़ा तिन पाइयाँ, गहरे पानी पैठ।
जो बौरा डूबन डरा, रहा किनारे बैठ॥

*अथवा*

जा घट प्रेम न संचरै, सो घट जान मसान।
जैसे खाल लोहार की, साँस लेत बिनु प्रान॥

(ख) मीराँबाई के पठित पदों के आधार पर उनके तन-मन से की गई भक्ति को रेखांकित करो। 4

*अथवा*

"गोपालकृष्ण के साथ-साथ राम के प्रति भी मीराँबाई भक्ति अर्पण करती थीं।" पठित पदों के आधार पर स्पष्ट करो।

4. 'नींव की ईंट' लेख के मूल कथ्य को स्पष्ट करो। 4

*अथवा*

"लेखक रामवृक्ष बेनीपुरी जी के मन में हमारे देश के नौजवानों के प्रति अटूट आस्था और विश्वास है।" क्यों, स्पष्ट करो।

5. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करो : 1×2=2

दम तोड़ना ; अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना ; श्रीगणेश होना ; पल्ला भारी होना ; आसमान टूट पड़ना ; किताब का कीड़ा होना।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो की संधि करो : 1×2=2

पृथ्वी+ईश ; दिक्+भ्रम ; अभि+इष्ट ; नै+अक।

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं चार के लिंग-निर्णय करो : ½×4=2

कुआँ ; जमीन ; सुबह ; गलियारा ; नमक ; अफवाह।

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार के एक-एक पर्यायवाची शब्द लिखो : ½×4=2

नौका ; मेघ ; सोना ; स्त्री ; विष्णु ; सूर्य।

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं चार के विलोम शब्द लिखो : ½×4=2

प्रदान ; सुधा ; कृतज्ञ ; उत्कृष्ट ; गृहस्थ ; पतन।

https://www.assamboard.com

(च) निम्नलिखित में से किन्हीं चार के अनेक शब्दों के स्थान पर एक-एक शब्द लिखो : ½×4=2

मिट्टी का बर्तन बनाने वाला (व्यक्ति) ; जो जल में डूबकी लगाता हो ; जो लोहे के औजार बनाता है ; जो कम (अल्प) जानता है ; जो नहीं मरता है ; जिसका जन्म पहले हुआ है।

(छ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को कोष्ठक में दिये गये निर्देशानुसार फिर से लिखो : 1×2=2

(i) राम ने कहा कि मैं निर्दोष हूँ। (सरल वाक्य बनाओ)

(ii) मेहनती विद्यार्थी अवश्य सफल होता है। (मिश्र वाक्य बनाओ)

(iii) वह कोरोना से ग्रसित होने के कारण जल्द मर गया। (संयुक्त वाक्य बनाओ)

(ज) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करो : 1×2=2

(i) ईसाई धर्म उन्हीं के पुण्य-प्रताप से फल-फूल रहे हैं।

(ii) हमारे शरीर पर कई अंग होते हैं।

(iii) हमें अभी बहुत बातें सीखना है।

(iv) ताजमहल की सौन्दर्यता हमें आकर्षित करती है।

## GROUP—B (खण्ड—ख)

( पूर्णांक : 50 )

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दो : 1×5=5

(क) मोर का नाम नीलकंठ क्यों रखा गया था?

(ख) महादेवी जी के चिड़ियाघर के जीव-जन्तुओं के सेनापति और संरक्षक का काम कौन करता था?

(ग) चित्रा किसका नाम था?

(घ) 'बच्चन जी' का संपूर्ण नाम क्या है?

(ङ) 'मधुवन' का क्या अर्थ है?

https://www.assamboard.com

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दो : 2×8=16

(क) "तीतर हैं, मोर कहकर ठग लिया है।" लेखिका को ठगे जाने का एहसास होने पर उन्हें कैसा लगा था?

(ख) विदेशी अतिथि के संबंध में लेखिका ने 'नीलकंठ' पाठ में क्या कहा है?

(ग) "बीते हुए कल को चाहते हुए भी कोई भूल नहीं सकता।" क्यों?

(घ) "लघु जीवन लेकर आये हैं।" इसका क्या तात्पर्य है?

(ङ) "जीवन में मधु का प्याला था,
तुमने तन-मन दे डाला था,
वह टूट गया तो टूट गया।"

इसमें कवि क्या कहना चाहते हैं, स्पष्ट करो।

(च) कवि ने किन प्रतीकों के माध्यम से मनुष्य की क्षणभंगुरता को विवृत किया है, स्पष्ट करो।

(छ) कवि ने 'अम्बर के आनन' को देखने के लिए क्यों कहा है?

(ज) 'जो बीत गयी' कविता का मूल संदेश क्या है?

8. 'नीलकंठ' शीर्षक लेख में उल्लेखित जीव-जन्तुओं की एक तालिका प्रस्तुत करो तथा उनमें से किसी एक की स्वभावगत विशेषताएँ लिखो। 5

*अथवा*

"मैं अपने शाल में लपेटकर उसे संगम ले गई।" यहाँ संगम संबंधी महादेवी जी के विचार को रेखांकित करो।

9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखो : 8

(क) विविधता में एकता

(ख) लघु उद्योग

(ग) राष्ट्र के निर्माण में नारी का योगदान

(घ) खेलकूद का महत्त्व

https://www.assamboard.com

**10.** आकाशवाणी, गुवाहाटी केन्द्र के निर्देशक को रेडियो के हिन्दी कार्यक्रमों के बारे में सुझाव देते हुए एक पत्र लिखो। 5

*अथवा*

राष्ट्रीय स्तर पर तुम्हारे विद्यालय के असीम घोष नामक एक विद्यार्थी को टेनिस खेलने हेतु प्राधिकरण की ओर से आमंत्रित किये जाने के कारण उसे बधाई देने हेतु एक बधाई-पत्र लिखो।

**11.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो :

वर्तमान युग में जिस भीषणता के साथ जीवन-संघर्ष चल रहा है, उसमें वह व्यक्ति कभी भी विजयी नहीं हो सकता, जो चुपचाप बैठकर अतिदीर्घकाल तक सोचता-विचारता रहेगा। यहाँ तो वही टिक सकता है, जिसमें काफी स्फूर्ति है, जो दूसरों को ढकेलकर आगे बढ़ सकता है। नहीं तो जो उससे ताकतवर है, उसे किनारे ढकेल देगा और आप आगे बढ़ जायेगा। अगर तुम इस जीवन में कुछ करना चाहते हो, अगर तुम्हें अपना जीवन सफल बनाना है, तुम्हें प्रत्युत्पन्नमति होना चाहिए, अपने निर्णय पर दृढ़ रहना चाहिए और उस पर जमकर काम करना चाहिए। जिस व्यक्ति में ये गुण पाये जाते हैं, उसमें अन्य गुणों का समावेश भी रहता है।

(क) प्रस्तुत गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दो। 1

(ख) वर्तमान युग में विजयी होने के लिए क्या मंत्र दिया गया है? 1

(ग) वर्तमान युग के जीवन-संघर्ष में मनुष्य को जीवित रहने के लिए किन गुणों की जरूरत है? 1

https://www.assamboard.com

(घ) प्रत्युत्पन्नमति, दृढ़ निर्णय क्षमता और जमकर काम करने की आदत से क्या किया जा सकता है? 2

(ङ) यहाँ 'प्रत्युत्पन्नमति' शब्द का क्या अर्थ है? 1

**12.** निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद हिन्दी में करो : 1×5=5

(a) The Kaziranga is a National Park of India.

(b) It is one of the main attractions for the tourists.

(c) For the last few months it was closed for visitors.

(d) There are so many animals and birds!

(e) I think, you have visited the Park.

★★★

https://www.assamboard.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

https://www.assamboard.com